*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में 20 वाँ गाजरघास जागरूकता सप्ताह का समापन

पंतनगर। 22 अगस्त 2025। विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग द्वारा 16 से 22 अगस्त, 2025 के मध्य पार्थेनियम जागरूकता एवं उन्मूलन सप्ताह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के विश्वश्वरैया रोड, महाकालेश्वर मंदिर और एल. पी. एम., पंतनगर पर किया गया, जिसमें परियोजनाधिकारी डा. एस.पी. सिंह, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान ने उपस्थित लोगों को गाजरघास से होने वाले नुकसान तथा गाजरघास के प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी क्रम में कार्यक्रम के दूसरे दिन विश्वविद्यालय के स्थानीय बाजार एवं दुकानों में पोस्टर एवं लिफलेट द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर गाजरघास से होने वाले नुकसान तथा प्रबंधन के बारे में में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। गाजरघास जागरूकता सप्ताह के तीसरे दिन ग्राम जयनगर नं. 4, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के चौथे दिन एन. ई बोरलॉग फसल अनुसंधान केन्द्र में सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता निदेशक शोध डा. ए.एस. सिंह नैन द्वारा की गई। इसके उपरांत पार्थेनियम से संबंधित चलचित्र भी दिखाया गया। गाजरघास जागरूकता एवं उन्मूलन सप्ताह के पॉचवें दिन विश्वविद्यालय के आदर्श पुष्प विज्ञान केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संयुक्त निदेशक डा. वी.के. राव ने की। इसी क्रम में कार्यक्रम के छठवें दिन गाजरघास से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन वाई.एल. नैने कृषि महाविद्यालय में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों जैसे डी.पी.एस. रूद्रपुर, पंतनगर इंटर कॉलेज, कैंपस स्कूल पंतनगर, सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर, आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पंतनगर तथा राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नगला (डेयरी फार्म) के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने विद्यालय में विद्यार्थियों को गाजरघास के प्रति जागरूक किया एवं साथ ही अपने विद्यालय के आस–पास के क्षेत्रों मे उगे हुए गाजरघास का उन्मूलन भी किया।

कार्यक्रम का समापन कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि डा. सुभाष चन्द्रा थे। सभा में विभागाध्यक्ष सस्य विज्ञान विभाग डा. रोहिताश सिंह, पूर्व परियोजनाधिकारी डा. तेज प्रताप, परियोजनाधिकारी डा. एस.पी. सिंह सस्य विज्ञान विभाग के अन्य प्राध्यापक, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं, खरपतवार परियोजना से संबंधित कृषि श्रमिक तथा 150 लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा शिल्पा सैनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। गाजरघास प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डी.पी.एस. रूद्रपुर की स्वाास्तिका पटेल, द्वितीय स्थान राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नगला (डेयरी फार्म) की कु. रंजना तथा कैंपस स्कूल पंतनगर के शुभम जोशी एवं तृतीय स्थान पर डी.पी.एस. रूद्रपुर तथा कैंपस स्कूल पंतनगर के क्रमशः अनमोल बर्तवाल एवं यशवर्धन सिंह ने प्राप्त किया। शिक्षकों को भी उनके द्वारा कराये गये विभिन्न गाजरघास जागरूकता एवं उन्मूलन से संबंधित कार्यों के लिए, पंतनगर इंटर कॉलेज के शिक्षक श्री प्रमोद कुमार एवं श्रीमती सरोज बाला, कैंपस स्कूल पंतनगर की शिक्षका श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव एवं श्रीमती संगीता भट्, सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर की शिक्षका श्रीमती गीता जोशी, आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पंतनगर की शिक्षका श्रीमती सुधा राठी एवं श्रीमती ममता तिवारी, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नगला (डेयरी फार्म) की शिक्षका श्रीमती बबीता शाह एवं श्रीमती पूर्णिमा चौधरी तथा डी.पी.एस. रूद्रपुर की शिक्षका श्रीमती लाजप्रीत कौर को प्रशस्ति पुरस्कार एवं पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व परियोजनाधिकारी डा. तेज प्रताप ने कार्यक्रम के सफल समापन पर उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों, खरपतवार परियोजना के कार्मिक आदि को कार्यक्रम के सफल समापन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

